फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमंद

श्री दिनेश चन्द्र सनाढ्य पिता श्री आनन्दीलाल सनाढ्य निवासी आनन्द विला, आनन्द विहार, राजसमन्द कांकरोली

– अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, भीम

– प्रत्यर्थी

किस्म मुकदमा–अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 14/2023**

कमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 17.04.2023 पत्रावली पेश हुई । अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी, भीम से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम ऑनलाईन अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी, भीम वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया । लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी, भीम द्वारा जरिये पत्रांक सू.अ. ,05/अपील/2023/306–07 दिनांक 06.04.2023 से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार अपीलार्थी द्वारा बिन्दु संख्या 01 से 03 तक चाही गई सूचना तहसीलदार, भीम से प्राप्त संकलित वांछित सूचना अपीलार्थी को मूल ही भिजवाते हुए प्रति इस कार्यालय को पृष्ठाकिंत की गई है। लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी, भीम की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी, भीम की रिपोर्ट अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना तहसीलदार, भीम से प्राप्त संकलित सूचना मूल ही अपीलार्थी को भिजवादी जाने से उक्त प्रकरण निर्णित किया जाता है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी, भीम को भिजवायी जावे। **पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।** **लोक सूचना अपीलीय अधिकारी** **(जिला कलक्टर) राजसमंद**	

न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)